Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

RNI:GUJMUL/2014/66126 ISSN 2454-3705

श्रुतसागर | શ્રુતસાગર
SHRUTSAGAR (MONTHLY)

September-2018, Volume : 05, Issue : 04, Annual Subscription Rs. 150/- Price Per copy Rs. 15/-

EDITOR : Hiren Kishorbhai Doshi

BOOK-POST / PRINTED MATTER

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प. पू. मुनि श्री पद्मरत्नसागरजी म. सा. की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में चित्र पर पुष्पमालार्पण करते हुए श्रद्धालुगण

उस्ता चित्रशैली के कुछ नमूने





For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

RNI : GUJMUL/2014/66126 ISSN 2454-3705

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर का मुखपत्र

श्रुतसागर श्रुतसागर

SHRUTSAGAR (Monthly)

वर्ष-५, अंक-४, कुल अंक-५२, सितम्बर-२०१८

Year-5, Issue-4, Total Issue-52, September-2018

वार्षिक सदस्यता शुल्क - रु. १५०/- ❖ Yearly Subscription - Rs.150/-

अंक शुल्क - रु. १५/- ❖ Price per copy Rs. 15/-

आशीर्वाद

राष्ट्रसंत प. पू. आचार्य श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म. सा.

❖ संपादक ❖
हिरेन किशोरभाई दोशी

❖ सह संपादक ❖
रामप्रकाश झा

❖ संपादन सहयोगी ❖
राहुल आर. त्रिवेदी

एवं

ज्ञानमंदिर परिवार

१५ सितम्बर, २०१८, वि. सं. २०७४, भाद्रपद शुक्ल-६

प्रकाशक

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर

(जैन व प्राच्यविद्या शोध-संस्थान एवं ग्रन्थालय)

श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र कोबा, गांधीनगर-३८२००७

फोन नं. (079) 23276204, 205, 252 फैक्स : (079) 23276249, वॉट्स-एप 7575001081

Website : www.kobatirth.org **Email :** gyanmandir@kobatirth.org

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनुक्रम

1. संपादकीय	रामप्रकाश झा	5
2. आध्यात्मिक पदो	आचार्य श्री बुद्धिसागरसूरिजी	6
3. Awakening	Acharya Padmasagarsuri	8
5. पर्युषणपर्व स्तुति	श्री राहुल आर. त्रिवेदी	9
4. चोवीसजिन सवैया	डॉ. जागृति बी. प्रजापति	12
6. गौतमपृच्छा संधि	आर्य मेहुलप्रभसागर	20
7. बीकानेरनी 'उस्ता' चित्र शैली	गणि श्री सुयशचंद्र विजयजी	30
8. समाचार सार		34

आया आदर बैसणो जाता बोलै जीकार ।
मिलिया हसकर बोलणो उत्तम घरा आचार ।।

हस्तप्रत नं. १२००९०

भावार्थः- जिस घर में आनेवाले (अतिथि) को आदरपूर्वक बैठने के लिए कहा जाता हो, जानेवाले को जीकार (पुनः पधारना) जैसे शब्द कहे जाते हों, और एक दूसरे से मिलने पर हँसकर बात करते हों, ऐसा उत्तम घर का आचार है।

❖ प्राप्तिस्थान ❖

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर

तीन बंगला, टोलकनगर, होटल हेरीटेज़ की गली में

डॉ. प्रणव नाणावटी क्लीनीक के पास, पालडी

अहमदाबाद - ३८०००७, फोन नं. (०७९) २६५८२३५५

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संपादकीय

रामप्रकाश झा

श्रुतसागर का यह नूतन अंक आपके करकमलों में समर्पित करते हुए हमें अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है।

प्रस्तुत अंक में गुरुवाणी शीर्षक के अन्तर्गत योगनिष्ठ आचार्यदेव श्रीमद् बुद्धिसागरसूरीश्वरजी म. सा. की कृति **"आध्यात्मिक पदो"** की गाथा ४८ से ५३ तक प्रकाशित की जा रही हैं। इस कृति के माध्यम से आध्यात्मिक उपदेश देते हुए अहिंसा, सत्यपालन, आहारादि से संबंधित साधारण जीवों को प्रतिबोध कराने का प्रयत्न किया गया है। द्वितीय लेख राष्ट्रसंत आचार्य भगवंत श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म. सा. के प्रवचनों की पुस्तक 'Awakening' से क्रमबद्ध श्रेणी के अंतर्गत संकलित किया गया है, जिसके अन्तर्गत जीवनोपयोगी प्रसंगों का विवेचन किया गया है।

अप्रकाशित कृति के अंतर्गत इस अंक में सर्वप्रथम आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमन्दिर की कार्यकर्त्री डॉ. जागृतिबेन प्रजापति के द्वारा सम्पादित लेख **"चोबीसजिन सवैया"** प्रकाशित किया जा रहा है। कुल अट्ठाईस गाथा की इस कृति में चौबीस तीर्थंकरों के माता-पिता, लांछन, सौंदर्य आदि का वर्णन करते हुए उनकी स्तवना की गई है। द्वितीय कृति के रूप में पर्वाधिराज पर्युषण के शुभावसर पर ज्ञानमन्दिर के पण्डित श्री राहुल आर. त्रिवेदी के द्वारा सम्पादित **"पर्युषणपर्व स्तुति"** नामक एक लघु कृति का प्रकाशन किया जा रहा है, जो अद्यपर्यन्त लगभग अप्रकाशित है। इस कृति में पर्युषण पर्व में की जानेवाली आराधनाओं का संक्षिप्त में वर्णन किया गया है। तृतीय कृति के रूप में आर्य मेहुलप्रभसागरजी म.सा. के द्वारा सम्पादित **"गौतमपृच्छा संधि"** प्रकाशित की जा रही है। प्रस्तुत कृति गुरु गौतमस्वामी की जिज्ञासा और प्रभु महावीरस्वामी के समाधान पर आधारित है। विभिन्न प्रकार की ४८ शंकाओं का परमात्मा महावीर प्रभु से प्राप्त समाधानों को काव्यात्मक शैली में प्रस्तुत किया गया है।

पुनःप्रकाशन श्रेणी के अन्तर्गत इस अंक में **"बीकानेर की उस्ता चित्रशैली"** नामक लेख का प्रकाशन किया जा रहा है। यह लेख यद्यपि प्रबुद्ध जीवन के अगस्त अंक में प्रकाशित हो चुका है। परन्तु लेख की विषयवस्तु तथा प. पू. गणिवर्य श्री सुयशचन्द्रविजयजी म. सा. की भावना का आदर करते हुए श्रुतसागर के प्रस्तुत अंक में इसका पुनः प्रकाशन किया जा रहा है।

हम आशा करते हैं कि इस अंक में संकलित सामग्रियों के द्वारा हमारे वाचक अवश्य लाभान्वित होंगे व अपने महत्त्वपूर्ण सुझावों से हमें अवगत कराने की कृपा करेंगे, जिससे आगामी अंक को और भी परिष्कृत किया जा सके।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आध्यात्मिक पदो

आचार्य श्री बुद्धिसागरसूरिजी

(हरिगीत छंद)

स्याद्वादनयसापेक्षथी बायबल कुराणो वेद छे,
तेमज पुराणो सत्य जे ते, वेद मन नहि खेद छे;
स्याद्वादनय सापेक्षथी जे बौद्धना ग्रंथोवाळी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 48

सर्वज्ञ श्रीमत् केवली ज्ञानी महन्तो जे थया,
तेनां वचन जे सत्य ते वेदो अपेक्षाए लह्या;
जे सत्य नहि ते वेद नहि प्रामाण्यता ज्यां ना ठरी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 49

शास्त्रो गमे ते धर्मनां वा पन्थनां जे जे थयां,
सवळा पडे ते जैनने सम्यकत्वसापेक्षा ठर्यां;
सम्यकत्व वण मिथ्यात्वीने अवळीज दृष्टि मन ठरी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 50

सर्वज्ञ आगम परिणमे जेना हृदयमां नयवडे,
तेने ज साचुं परिणमे ते वेद सापेक्षाबळे;
लाखो करोडो जातनी सापेक्षदृष्टियो वळी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 51

चारे निखेपे वेद छे वेदान्त उपनिषदो तथा,
अनुयोग चारे वेद छे व्यवहार शुभ सघळी कथा,
आगमथकी नोआगमे छे वेद, भावे संवरी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 52

साचा हृदयनां बाळको वेदो अमारा मन गम्या,
जे तत्त्व शोधोने करे, ते वेद मारा मन गम्या;
मुक्ति मळे जे योगथी ते वेद श्रद्धा मन रळी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 53

जेथी मनुष्यो सुख लहे ने दुःख सर्वे जाय छे,
ते ते उपायो वेद छे ज्ञानी हृदयमां च्हाय छे;

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

होमाय नहि ज्यां दुःखडां ते वेदवाणी नहि ठरी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 54

जे शब्द घोषक वेदीया पूरूं न खावानुं लहे,
ते शब्द रूपी वेदनी मोटाई ना दुनिया कहे;
अन्तर् प्रभुता जागती तेथी ज वाणी नीकळी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 55

वेदो अनादि कालथी तीर्थंकरोनी वाणीए,
सहु जातनी शिक्षाभर्या आचारथी मन आणीए;
प्रामाण्य सर्वोत्कृष्ट छे निरवद्य वाणी जय करी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 56

स्वतंत्र सारां हृदय छे वेदो खरा मन आणीए,
दुःखो टळे परतंत्रता ते वेद साचा जाणीए;
विश्वोन्नति शान्ति विषे शुभ वेद ज्योति झळहळी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 57

जे जे मरेला वेद तेतेमारता जगजीवने,
समजण पडे नहि मूर्खने तेमज वळी महाकलि बने;
ज्ञानोदधि मृतवेदने बाहिर् काढे (छांळथी) उछळी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 58

आ विश्वमांहि वेदना पर्याय शब्दो जे लह्या,
भाषा गमे ते जातनी पण ज्ञानने कहेता रह्या;
सम्यग् थता ज्यां निर्णयो जाता न लोको आथडी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 59

मानव गमे ते जातना अध्यात्मज्ञानी जे अहो,
ते ते मनोहर वेद छे सापेक्षदृष्टया मन लहो;
पूर्वे अहो जे भासतुं ते हाल भासे छे वळी,
एवी अमारी वेदनी छे मान्यता निश्चय खरी. 60

(क्रमशः)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

Awakening

(from past issue...) **Acharya Padmasagarsuri**

On account of the impact of the preaching of the Acharyashri, Kumarpal became profoundly influenced by the Jain Dharma or doctrines and discarded his immoral ways. Moreover, he constructed new Jain temples and reconstructed the dilapidated ones. He made a royal proclamation prohibiting the killing of animals and birds. He went on pilgrimages many times. He established at every place a library (of Jain Scriptures) and contributed to the progress and increase of Jains.

The sun of the Jain faith, Jainacharya, Sri Hemachandrasuri shone far in all glory and gave up peacefully his mortal body at the age of 84, in the year of Samvat 1229.

The Jain world was plunged in sorrow on account of this bereavement but we have with us his great works which we can study and from which we can derive enlightenment.

Rightness or Thoroughness

Knowledge is the friend of the soul; but falseness or illusion is its enemy. The Tatvarthsuthra says:-

मिथ्यादर्शनाविरति प्रमादकषाययोगा बन्धहेतवः ।

Mithyadarshanavirati pramadakashaya yoga bandhahetavaha ।

(Illusion, Intemperance; Intoxication (with money and power); Passions and Yoga (evil propensity) are the five causes of bondage. Sri Umaswati who wrote this considered Mithyatwa as a cause of bondage of Karma.

Mithya or illusion takes two forms. The first one is the negligence of Reality; and the secod one is belief in the unreality. The difference between the two is this. The first one can occur also in a stage of total ignorance. The second can occur only in the phase of thoughtfulness. The first type is the unrealized Mithyatwa. This may be found in animals, birds and other creatures which are not thoughtful. The second one is realized Mithyatwa. This is found in thoughtful beings like human beings. The being that can think can have faith; and the faith may be in reality or unreality.

(Continue...)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पर्युणपर्व स्तुति

राहुल आर. त्रिवेदी

भारतवर्ष पर्वों (त्योहारो) का देश है। पर्व शब्द का अर्थ है परम पवित्र दिवस। वैसे तो प्रत्येक मास में कोई न कोई पर्व आता है, किन्तु वर्षा ऋतु में जैन-जैनेतर पर्वों की बहुलता है जैसे- आषाढचौमासी, गुरुपूर्णिमा, रक्षाबन्धन, जन्माष्टमी, पर्युषण, ऋषिपञ्चमी, गणेशचतुर्थी, अनन्तचतुर्दशी, श्राद्ध, नवपदजी की ओली, नवरात्र, दशहरा, दीपावली, ज्ञानपंचमी आदि। इनमें से चौमासी, पर्युषण, नवपदजी की ओली, दीपावली एवं ज्ञानपंचमी जैसे लोकोत्तर जैन पर्व इहलोक-परलोक में कल्याणकारी पर्व हैं। उसमें भी सर्व शिरोमणि पर्व जो है वह पर्युषण महापर्व है।

व्याकरण की परिभाषा में 'पर्युषण' शब्द की व्युत्पत्ति करते हैं तो 'परि' उपसर्ग पूर्वक 'वस्' धातु से 'अन' प्रत्यय लगता है और 'वस्' धातु का 'उष्' आदेश हो जाता है तथा 'र्' एवं 'ष' के बाद रहे 'न' का 'ण' हो जाने पर 'पर्युषण' शब्द निष्पन्न होता है। पर्युषण का अर्थ है आत्मा के समीप रहना। इसमें तपस्यादि द्वारा शरीर का शोषण व आत्मा का पोषण होता है। पर्युषण में प्रवचन, पौषध, प्रतिक्रमण, तप-त्याग, सेवा-पूजा, भक्ति-भावना एवं क्षमापनादि से आत्मा को पुष्ट किया जाता है। क्षमाप्रधान इस पर्व में प्रतिदिन के प्रतिक्रमण में ४ गाथाओं वाली स्तुति, थुई, थोय अवश्य बोली जाती है। प्रसंगानुसार बोली गई स्तुति विशेष भाववृद्धि का कारण बनती है. यहाँ ऐसी ही एक प्रायः अप्रगट कृति 'पर्युषणपर्व स्तुति' का प्रकाशन किया जा रहा है.

कृति परिचय :-

वैसे पर्युषण महापर्व की कई स्तुतियाँ प्रकाशित हैं, प्रत्येक वर्ष पर्युषण के समय हर्षोल्लास के साथ ऐसी स्तुति बोली जाती है। पर्युषण से सम्बन्धित ऐसी अनेक भाववाही कृतियाँ हैं, जो अप्रकाशित हैं। यदि इन कृतियों को प्रकाशित किया जाए तो अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं। पर्वाधिराज पर्युषण के प्रसंग पर एक ऐसी ही कृति का प्रकाशन किया जा रहा है। चार गाथाओं में निबद्ध इस कृति में सर्वप्रथम आसन्न उपकारी, शासनपति भगवान महावीर स्वामी का स्मरण किया गया है. श्रीकल्पसूत्र की महिमा दर्शाते हुए कर्त्ता ने लिखा है- 'सूत्र सिद्धांत मे राजा कहीइ कल्पसूत्र जग जाणोजी' कल्पसूत्र को सर्वशास्त्रों का राजा कहा गया है तथा इसमें आनेवाले अधिकारों की बात करते हुए कहा है - 'च्यार चरित्र जिन आंतरा कहीइ वीर पास

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नेम आदि वखांणोजी थेरावली समाचारी साधु पट्टावली अवधारोजी' महावीरस्वामी, पार्श्वनाथ, नेमिजिन एवं आदिजिन इन ४ जिनेश्वर भगवंतों का विस्तृत चरित्र, अन्य जिनेश्वरों की अन्तरावली, साधु भगवंतों की पट्टावली, स्थविरावली, सामाचारी का भी उल्लेख किया गया है। जिनपूजा, संघपूजा, महोत्सव के वर्णन के साथ अंत में कर्त्ता ने गोमुख, धरणेन्द्र, पद्मावती एवं चक्रेश्वरीदेवी का उल्लेख करते हुए कृति को पूर्ण किया है। सरल एवं सुगम भाषाशैली में निबद्ध यह कृति सरलता से लोकभोग्य बन सकती है।

कर्ता परिचय :-

प्रस्तुत कृति की रचना गणि रंगविजयजी के द्वारा की गई है. आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर में उपलब्ध सूचनानुसार रंगविजयजी नाम के ९९ विद्वान प्राप्त होते हैं, उनमें से गणि रंगविजय के नाम से १३ विद्वान मिलते हैं. इनमें से प्रस्तुत कृति के कर्ता कौन हैं, उसकी स्पष्टता नहीं हो पाई है। परन्तु कृति के अंत में कर्ता के नाम से पहले वाले पद में है कि- **'देवी चक्केसरी जिन पाय सेवीजी'** यहाँ जिनेश्वर भगवान के अर्थ में **'जिन'** शब्द प्रयुक्त हुआ हो ऐसा लगता है। कई बार कवि अपना एवं अपने गुरु का नामोल्लेख गर्भितरूप से भी करते हैं. यदि यहाँ भी ऐसा मान लिया जाए 'जिन' शब्द में गुरु का नाम गर्भित हो तो संभव है कि इनके गुरु का नाम 'जिन' शब्द से प्रारंभ होने वाला **'जिनराज'** या **'जिनविजय'** आदि हो। वैसे आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर में उपलब्ध सूचना के अनुसार 'प्रश्नोत्तररत्नमाला' के टबार्थ के रचयिता के रूप में खरतरगच्छीय 'मुनि रंगविजय' नामक एक विद्वान के गुरु का नाम संवत् १६९२ की प्रति क्रमांक- ६०४८० में 'खरतरगच्छाधिराज युगप्रधान जिनराजसूरिशिष्य श्रीरंगविजयेन' मिलता है। सम्भवतः इन्ही रंगविजयजी ने प्रस्तुत कृति की रचना की हो, ऐसा माना जा सकता है। विशेष संशोधन विद्वज्जन करें।

प्रत परिचय :-

प्रस्तुत कृति का संपादन आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर कोबा हस्तप्रत ग्रंथागार की प्रति क्रमांक- ५६२५८ के आधार पर किया गया है। जिसका लेखन संवत् वि. १९०३ है। प्रत में कुल १० पत्र हैं, यह कृति प्रथम पत्र पर लिखित है. प्रत के प्रत्येक पत्र में पंक्तिसंख्या १४ से १८ एवं प्रतिपंक्ति अक्षरसंख्या ३९ है। अक्षर स्पष्ट, सुंदर एवं सुवाच्य हैं। आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा में प्रस्तुत कृति की अन्य दो प्रतियाँ उपलब्ध हैं, यथा क्रमांक- ७१९२४, वि. १९ वीं एवं ९८४२३ वि. १९ वीं है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गणि रंगविजयजी रचित

पर्युषणपर्व स्तुति

॥५०॥ सासननायक वीर जिनेसर परव पजूसण भाख्योजी
अती आडंबर ओछव घरि घरि दान दया मन राखोजी
सकल परब मे मुगट नगीनो परब पजूसण कहीइजी
छठ अठम तप पोसह करता अविचल पदवी लहीइजी ॥१॥
सुंदर बाली रूप रसाली वदन वदे सुकमालीजी
जिन चोवीसें पूजा करावो पीऊ अनोपम परम निहालीजी
जीव तणी अमार पलावो पुण्य करी काया पोषोजी
अनेक प्रकार पूजा पकवांन करीने सयल संघ संतोषोजी ॥२॥
सूत्र सिद्धांत मे राजा कहीइ कल्पसूत्र जग जाणोजी
च्यार चरित्र जिन आंतरा कहीइ वीर पास नेम आदि वखांणोजी
थेरावली समाचारी साधु पट्टावली अवधारोजी
निज गुरुमुखथी श्रवणे सुणीने केवल कमला लहिं सारोजी ॥३॥
दान संवच्छरी पडिक्कमणुं करतां नीरमल काया कीजेजी
इण परि परव पजूसण करीने हेलां सिववधु वरीईजी
गोमुख धरणेंद्र पदमावती देवी चक्केसरी जिन पाय सेवीजी
गणि रंगविजय मेरु आस्या पूरो चउवीह संघ सुख देवीजी ॥४॥

॥ इति श्रीपजूसण स्तुति संपूर्ण ॥

सांवत्सरिक

मिच्छामि दुक्कडं

खामेमि सव्व जीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे ।
मित्ति मे सव्वभूएसु, वेरं मज्झ न केणइ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चोवीसजिन सवैया

डॉ. जागृति बी. प्रजापति

मोक्षप्राप्तिना विविध मार्गोमां भक्तिमार्ग पोतानुं आगवुं स्थान धरावे छे. सामान्य वर्गनी व्यक्ति पण तेने सरळताथी अपनावी पोताने आत्मकल्याणना मार्गे वाळी शके छे। एटले ज आपणा महापुरुषोए प्रचुरमात्रामां भक्तिकाव्योनी रचनाओ करी छे। आ काव्यो स्तवन, स्तुति, स्तोत्र, छंद, लावणी, धवल, फागु, बारमासा, चौपाई आदि अनेक प्रकारोमां जोवा मळे छे। तेमांथी प्रस्तुत कृतिनो काव्यप्रकार 'सवैया' छे।

केटलाक काव्योना नाम साथे छंदनुं नाम अविछिन्नपणे जोडायेलुं होय छे। तेम प्रस्तुत कृतिनुं नाम पण छंद नामयुक्त '२४ तीर्थंकर सवैया' छे। आ रीते काव्य नाम साथे छंद नाम श्रवणगोचर थतां तेनी पद्य रचनानुं स्वरूप नजर समक्ष उपस्थित थई जतुं होय छे। कृतिना शीर्षक उपरथी काव्यना छंदनो संबंध जाणवा मळी जतो होय छे। प्रस्तुत कृतिमां वर्तमान चोवीशीना २४ तीर्थंकरोनी स्तवना करवामां आवी छे। २४ जिनेश्वरोमां प्रत्येक जिननी स्तवना करतां एक-एक काव्यो तो होय छे ज, तेम एक ज कृतिमां चोवीसे य जिनेश्वरोनी स्तवना करतां काव्यो पण प्रचुरमात्रामां जोवा मळे छे, तेमांनी ज आ एक रचना छे। आ कृतिमां जिनेश्वरोना माता-पिता, लंछन, आभूषणसौंदर्य, विगेरे बाबतोनो ध्यानमां लई वर्णनपूर्वक स्तवना करेल छे।

कृतिपरिचय :-

उपलब्ध कृति २८ गाथानी छे तेमां प्रारंभिक त्रण गाथा मंगलाचरणनी अने २५ गाथा विषयवस्तुनी छे। प्रारंभमां भगवती सरस्वतीनी प्रार्थना करवामां आवी छे। बीजी अने त्रीजी गाथामां गौतमस्वामी अने २४ जिननुं स्मरण कर्युं छे। आ कृतिमां चोवीसजिननुं वर्णन करेल छे। चोवीस तीर्थंकरनी चोवीस गाथा अने पच्चीसमी गाथामां रचना प्रशस्ति आपवामां आवी छे। कृतिनो प्रकार सवैया छे। तेमां चार अने छ चरणना पद आपेल छे। प्रस्तुत कृतिनी रचना सं.१८१४ भाद्रपद शुक्ल ४ ना दिने हरिसागर द्वारा नाडोल शहेरमां करायेल छे.

कर्तापरिचय :-

कर्ता विषे विशेष माहिती उपलब्ध नथी. कर्तानी परंपरामां तेमना गुरु आगमसागर अने दादागुरु जिनेंद्रसागरनुं नाम मळे छे. आ उपलब्ध प्रतने आधारे कृतिनुं रचनावर्ष

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वि. १८१४ मळे छे. जेना आधारे कर्तानुं वर्ष १८मी सदी उत्तरार्ध थी १९मी सदी पूर्वार्धमां थयो होय तेम कही शकाय. कर्तानी अन्य कोई कृति होय तेवुं जाणवा मळ्युं नथी.

प्रतपरिचय :-

प्रस्तुत कृतिथी संबंधित चार प्रतो आचार्य श्रीकैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबामां उपलब्ध छे. तेमां बे प्रतो संपूर्ण ने बे प्रतो अपूर्ण छे.

(A)प्रतनं. ४३७८० ने आधार प्रति मानीने आ कृतिनुं संपादन करवामां आव्युं छे. आ प्रतनां प्रतिलेखक खंतिविजयनो समय सं.१८९८ मळे छे। प्रतमां कुल ५ पत्रो छे। प्रत्येक पत्रमां १३ पंक्तिओ अने प्रत्येक पंक्तिमां ४४ थी ४६ अक्षरो छे। प्रतिलेखन कार्य सुंदर, स्वच्छ अने मोटा अक्षरमां करेल छे। प्रतमां गेरू लाल रंगथी अंकित विशिष्ट पाठ छे। अने अंक स्थानमां सादा रेखा चित्र दोरवामां आवेल छे। आवश्यकतानुसार आ प्रतना पाठांतर माटे १९वीं सदी की (B)प्रत नं.८७८५४नो उपयोग कर्यो छे।

चोवीस तीर्थंकर रास सवैइया लिख्यतै ॥ दूहा ॥

सेवी[1] माता सरसती, वचन विलास विनोद ।।
सुगुरु[2] चरण चित लायके, परम हुइ प्रमोद[3] ।।१।।
गुणनिधी[4] गौत्तम स्वामको, एह धुरी[5] अभिधांन।
सकल इष्ट दायक सदा, विधसुं ताहि वखांण[6] ।।२।।
तवै चौवीसे जिनतणो[7], हाव भाव सुविलास।
रचुं सवैइया अधिक रस, सैमुख[8] बुधिप्रकास ।।३।। सवैया २३।।
प्रथमेश जिनेस[9] तुहारीय सेव करें मिली देव युगादि जिणं,
मरुदेवीय मात वनिता[10] नाथ मुगति कौ साथसु एम भणं।
सुवर्णह[11] वांन नाभीसुत जांन वृषभह लंच्छन तस तणं,[12]
अतिसयवंत वडे भगवंत नमै हरी तंत[13] सुख घणं ।।१।।

---

1. B सरस 2. A सगुरु 3. B पावत परम परमोद 4. B गुणवंत 5. B धूरे 6. B लब्धवंत तृभुवनतिलो निरुपम ताह वखांन 7. A चउवीसै जिनवर चवै 8. B अपनि 9. A जेनेस 10. B जाता वनिता 11. B सुवन 12. B लंछन तास तणं 13. B संतसु

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ श्रीऋषभनाथजी वर्णनं ॥ सवैयौ २४॥

बीजा जीनराय[1] की मूरत देखी सुरनर किंनर[2] सोहि मोहै है,
अज्यौध्या[3] कै भुप अनुपम रुप[4] लंच्छन ताह गयंद सोहै है।
[5]विजयासुत आय भली पर भाय सुताह घरे सुश्रैय कहै है,
भगवत ध्यावै सोइ सुख पावै करहीरं सदा सीस आण वहै है[6] ॥२॥

॥ श्रीअजितनाथजी वर्णनः(न) श्री सवैया २३ सौ ॥

सकल्ल समीहित पूरणइ छतराय जितारी नंदन है,[7]
श्री संभवनाथ ही संभव्यौ दिल्ल मै मोह मिथ्यात[8] निकंदन है।[9]
हयवर लंच्छन सेनाही[10] मायसु तन्न परिमल्ल चंदन है।[11]
[12]सो पंचमीगति को दत्त करो जिन तोह करी हरी वंदन है ॥३॥

॥ श्रीसंभवनाथजी वर्णनं ॥ सवेयौ २५ सौ ॥

अभिनंदन वंदन कोडि[13] सुरासुर आय कै पाय करै नृत्य सेई,
रसताल कंसालं भव लह जल्लरी भैरन फैरी सुवीण[14] वजैई।
धप्पमप्पधम्मप्प ददौं हिं कदौं हिंक मूर्ज मृदंग कि ध्वनि[15] एई,
सुरचै हरी नाटिक भरह भेद सै बोलती ध्वनिव तातततथेई ॥४॥

॥ श्रीअभिनंदननाथजी वर्णनं । सवैयौ २३ सौ ॥

सुमति के सद्म[16] सुमति जिनैशर पतंग ज्यूं तेज अतिह झलकै,
आस्य सुध्यानिधि[17] कांति मुखे[18] भाल मृगमणि मज्झीरम्य चलकै[19]।

---

1. B जिनराज, 2. A किनरः 3. B अजोध्या, 4. B सरूपह 5. B जितशत्रु के नंद कुलवर सुंदर तोहि पूज्यां दूरगति खोहै है, 6. B विजयासुत आय भली परनाय सुताह घरे शुश्रेक होहै है, 7. यह चरण प्रत B में नहीं है, 8. B मिथ्यात्व, 9. यह चरण प्रत B में प्रथम क्रमांक पर है, 10. B सेनसु, 11. यह चरण प्रत B में क्रमांक द्वितीय पर है, 12. B कंचन वनसु तन्न सोहावत राय जीतारी को नंदन हें, 13. B कोड, 14. B जुवीण, 15. B धपमप्पधमप्प दोंडि कदौंडिक मूर्ज मृदंग की धुनि, 16. A पद्म 17. B आस्य सु धानधि, 18. B सुखे, 19. B मुगृमणि सझरम्य चल्लकें,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कांनैय[1] कुंडल बांह बाजुबंध कौठै[2] नवलख हार हलकै,
याहि विध पूजै ध्यांन धरे हरी ताह घरे लछीलील[3] भलकै ॥५॥

॥ श्रीसुमतिनाथजी वर्णनं ॥ सवैयौ २४ सौ ॥

छठा जीनराज को नांम ग्रहौ[4] प्रानी ताहि कै नांम सै रीध लटै है,
त्यां इत ओपद्रव याध ही व्याध ही कष्ट अनैष्ट तै[5] दूर कटै है।
सुमति कुं देह कुंमत्ति कुं टालत पाप अजान[6] सैठै[7] गहठै है,
हरीयंद अखे श्रीपद्मजिनेसर तोहि नम्यां रस रंग रटे है ॥६॥

॥ श्रीपद्मप्रभू(भु)जिन वर्णनं ॥ सवेयौ २४ सौ ॥

सु सुपारस जेम कह्यौ पिण पार न है[8] कह्यौ जिन कुं,
सुरद्रूम की उपम[9] एही वरे ध्रम सारथी सार कह्या इनकुं।
सबला भवपार तर्या अरू तार कै तारक नांम धर्या तिन कुं,
निसदिन पृथीसुतः[10] ध्यांन रखै हरी तोही कुं छोडि भजै किन कुं ॥७॥

॥ श्रीसुपारसनाथजी वर्णनं । सवेयौ २४ सौ ॥

चंद्रप्रभु चंद्र जेम वपु वर किरत[11] किलानिधि सुभ विते है,
महसेन नरेसर अंगज हो तुम थै फिर उरकुं कौन गिनै है।
हथ जोर रहै निसदिन दूयार मै[12] सोही तो तोरी ही आस अतै है,
याही ज अरज करी हरी नाथजी वंछित कीज अगाज सुनै है ॥८॥

॥ श्रीचंद्रप्रभू(भु)जी वर्णनं ॥ सवेयौ २४ सौ ॥

सुविधिश जिनैश की अंगी विराजति अंग थै उप अनुप वरी है,
सवी[13] संत ज्युं[14] जाय नमै प्रभु पाय रहै लयलायक भाव[15] धरी है।

---

1. B कानसे, 2. B कोटि, 3. A लछीछील 4. B ग्रह, 5. B अनिष्ट सो, 6. B अग्यान, 7. B सोवे, 8. B पिन पारस नाहि, 9. B ओपम, 10. Bप्रथीसुत, 11. B किर्न, 12. B दोआर में, 13. B सब, 14. A B सबसंतजु, 15. B सुभाव

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मनमोहन मूरती देखत थै मेरी नैन अमीरस पूर भरी है,
कहै[1] कीरपालसु मेरे गुसांइजी एसी अस्तुत[2] हरी जु करी है ॥९॥

॥ श्री वै। सुवधिनाथजी वर्णनं ॥ सवेयौ २४ सौ ॥

शुभ[3] सुंदर सुरति शीतल की नीरखी हरखी गुण गावत है,
इक तार जिनंद को राखी हीयै प्रभु पुरनहार कहावत है।
अरू[4] एक मनै करी ध्यांन धरे शिर साहिब आण सुठावत है,
इसर्डा[5] जी(जि)नराजकी सेव करी हरी संपद रीझसु पाउत[6] है ॥१०॥

॥ इति श्रीशीतलनाथजी वर्णनं ॥ सवेयौ २३ सौ ॥

याही संसार मै सार पदारथ है रत हे रत तोहि कु हेरा,
तोहि का ग्यांन पिछांन[7] लीया तब टाल दीया भव का अरु फेरा।
तु शरणागति नायक लायक साहिब ध्यांन थै सुख घनैरा।
श्रीय को[8] धांम श्रेयश जिनेशर नाम लीयै हरी उठ सवेरा ॥११॥

॥ श्रीश्रेयंसनाथजी वर्णनं ॥ सवेइयो २३ सौ ॥

लाल ही लाल बन्यौ मेरी साहिब लाल शरीर की क्रांत है नीकीः(की),
लोचन लाल गुलाल वीराजीत मांनु विद्रूम्म की छब है फीकी[9]।
श्रीवासपूज्य कै भाल सुसोभित रत्नजडीत है सोवन टीकी,
अब कै आतुर होय रही हरी देखन जोत[10] जिनेसरजी की ॥१२॥

॥ श्रीवासुपुज्यजी वर्णनं ॥ सवेयौ २४ सौ ॥

विमल्ल(ल)जिणंद है विमलमूरती कंचन वन सुतभ सुहावै[11],
स्यामा[12] निज मात सुरंगै है गात तसु अंग जात कुं सेवत भावै।

---

1. B कथ है, 2. B अस्तूत, 3. A शुंभ 4. B प्रभु, 5. B ईमडी, 6. B रीझ सो पावत, 7. B पिचान, 8. B श्रेय को, 9. A वीकी 10. B ज्योति, 11. B सोहावे, 12. B श्यामा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कृतवर्म्मा नंद आनंद को कंद अपच्छर वृंदं मिली गुण गावें[1],
वदै[2] हरी एम सेवो एम जिन जेम सहज मै सिध वधु घर आवै ॥१३॥

॥ श्रीविमलनाथजी वर्णनं । सवेयौ २४ ॥

अनंतरुप[3] अलख अगोचर तोहि का भाषित भेद जीने[4],
जिनै भव[5] भेद की वास लही मांनु जेम लीयै चचरी[6] कन लीनै।
तौही का नाम की गवर[7] मै रंग राग मै रहते सदा रस भिनै॥
कहै हरी एम अनंत जिनेसर अनंत ही तेरे ग्यांन खजीनै ॥१४॥

॥ श्रीअनंतनाथजी वर्णनं ॥ सवेइयो २३ सौ ॥

ध्रम को[8] दाता ही धरम जिनेशर धर्म कौ मारग सोही वतायो,
लखचोरासी जीव की जोन[9] मै भ्रमत भ्रमत भ्रम मिटायो॥
धर्म[10] जिणंद की सेउ गहै भवीः[11] ध्रम प्रभाव थै सुख सवायौ॥
पूरव पून्य थै भाग्य जग्यो हरी धर्म जिनेसर के पद पाया ॥१५॥

॥ श्रीधर्मनाथजी वर्णनं ॥ सवेयौ ३२ सौ ॥

तोही सै लय लागी अब मेरी भव भ्रांत भागी सयल प्रभु शांतिजी शांति वरताइ है,
अचिरा के नंद सुखकंद वंद मुखचंद ज्यौति जिलमील झिलती सूर थे सवाइ है।
सकल इंद नागेंद नमे पाय आय सब चरण कै शरण रहै[12] सदा सुखदाई है,
शौलमा[13] श्रीशांति जिन तुहारी सेव सेती वदत हरीयंद मै रीधसिधः भरपाइ है॥१६॥

॥ श्रीशांतिनाथजी वर्णनं । सवेया २४ सौ ॥

श्रीकुंथुजिनेसर हे अलवेसर इश्वर तीन जगत मै मोटै,
तुं पुन्य पडूर गुणे[14] भरपूर ते जै करी सूर है सूर कै धौटै।

---

1. यह चरण प्रत A में नहीं है. 2. A वहै, 3. B अनंतअरुप, 4. B झीने, 5. B भवी, 6. B चंचरी, 7. B की गद्वार, 8. Aकी 9. B लख्यचोरासीय जीउ की योन, 10. B ध्रम्म, 11. B जिनंद के पाउ गहै भवी, 12. B शरन गहे, 13. B सोलमा, 14. B गुने

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीदेवीय नंदन वंदन थै फिर आवत नां कब ही घर तौटै[1] ॥
मिटै दूख दूर हरी जस पूर सौ सुख कु लेवत पोटे ही पौटै ॥१७॥

॥ श्रीकुंथनाथजी वर्णनं ॥ सवेयौ २५ सौ ॥

अरदास सुणो अरनाथ जिनेशर औ ब्रह्म मूढ अजांण फर्यो[2] है,
भव कांनन झंगी मे खूच रह्यौ जीऊ जायः(य) निगोद कै धाम पर्यौ है।
फिर हु पुन्यराशि को योगे करी नर देह लही ध्रम सार वर्यौ है,
अपनै कुल रीत होवै जु करी हरी या विध ते[3] परणाम कर्यौ है ॥१८॥

॥ श्रीअरनाथजी वर्णनं ॥ सवेयौ २३ सौ ॥

मल्लिजिणंद मीले परतिख्य कै उज्जल त्रिण ही रत्न दीयो है,
तिण की सेव करे नितमेव युं सार संसार मै जांन लीयो है।
रत्न कुं यत्न[4] करी सोही पालत जेंण अविचल राज कीया[5] है ॥
यो पंथ[6] दील मे धार नीजै[7] हरी पाउत जन्म ने फेर जीया है ॥१९॥

॥ श्रीमल्लीनाथजी वर्णनं ॥ सवेयो २४ सौ ॥

श्रीमुनिसुव्रतनाथ कुं कागद भेजत पंथी नही इसो सो तिहां जांही[8],
सिद्धपुरी इयांथी दूर भई दसवाही आराति कुं जानत नांही।
संदेसु की रीत अरित भई फूनी आवत जावत नांही गुसांई,
कहत हरी निज ग्यांन सै जानि ज्यौ वंदत है हम नित[9] इहांई ॥२०॥

॥ श्रीमुनिसुव्रतनाथजी वर्णनं ॥ सवेईयौ २४ सौ ॥

नमै नमी पाय सुरनर आय जसै गुण गाय भेद कै जोरे,
प्रभु पद ध्यायः[10] सदा सुख थाय सुभावना भाय कुंगति कुं मोरें।
भगे भडवाय दूर दूख जाय लछि घर आय रहै हथ जोरे,
श्री नमीजिणंद के पाऊ ग्रहै[11] हरी ताह घरे गज पायक[12] घोरे ॥२१॥

1. B टोटें, 2. A फेर्यो 3. B विध से, 4. B जत्न, 5. Aकया 6. A उं पंथ 7. B लीजे, 8. B पंथी कउ नही जांही, 9. A निभ 10. Bध्याय, 11. B गहैं, 12. B पायके

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ श्रीनमीनाथजी वर्णनं ॥ सवेयौ २३ सौ ॥

यादववंश को अंश कहावत नेम नीरंजन[1] नेम जुधारी ॥
श्रीउग्रसेनसुता सय सोड दयी[2] पशु बांनी सुनी त[3] करारी ॥
तोरणथे रथ फेर दीये परीयाण[4] कीए गीरनार दिसारी[5] ॥
सहूं के आय नमै हरी पाय शीवादेवी माय जयांणदकारि ॥२२॥

॥ श्रीनेमनाथजी वर्णनं ॥ सवेयौ २६ ॥

वामा कै नंदन पाप ही निकंदन चंदन ही शीतल मन भायौ है
झिगमिंग मूगट वदन छंद छब क्रांति आगें सूरज ही हरायौ है॥
कमठ शठ हठ करत दूर नाग युगल[6] धरेणे(णें)द्र[7] पद पायौ है॥
एसै जिनराज सुख काज वद आनंद हरी हर्षधर गुण गायौ है ॥२३॥

॥ श्रीपार्श्वनाथजी वर्णनं । सवेयौ २३ सौ ॥

श्रीमहावीर वीरां सीर[8] वीर तपै करी धीर ज्युं मेरू गिरंदो ॥
कंचन काय हरी छिन पाय सिद्धारथ राय अखे कुलचंदो ॥
त्रीसला[9] माय तणा सुत पाय भवीजन आय सदा वर वदो ॥
एम हरी वरनै[10] जिनसासन वीर को ध्रम सदा चिरनंदो[11] ॥2४॥

॥ श्रीमहावीरजिन वर्णनं ॥ सवेइयौ २४ सौ ॥

वर्ष चउदस संवत अढारमैः भाद्रवा सूद चोथ सवाया ॥
नयर नाडुल[12] मै स्तुत करी चतुर्विंसती[13] ईश्वर कै गुण गाया ॥
पंडित जैणे(णें)द्रसागर अकै शिष्य आगम सागर प्राज्ञ कहाया ॥
तास भणे[14] हरीसागर आखित संपद सुख वीलास पद पाया[15] ॥२५॥

॥ इति श्रीचोवीस जीनरा चउवीस सवैईया संपूर्ण ॥

1. B निरंजन, 2. B चोर दई, 3. A श्री उग्रसेनसुता सय सोड दयी पशु सांती सुनी टकरारी, B श्री उग्रसेनसुता सद्य चोर दई पसु बांनी सुनि तकरारी, 4. A परीनांण 5. B दसारी, 6. B जुगल, 7. B धरणैंद, 8. B शिर, 9. B त्रिसल्ला, 10. B वरते 11. B चिरवंदो, 12. B नाडोल, 13. A चतुर्विसती, 14. B तणो, 15. B सुख सुयश कुं पाया,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाचकवर्य श्री नयरंग विरचित

गौतम पृच्छा संधि

आर्य मेहुलप्रभसागरजी

गणधर भगवंत श्री गौतमस्वामी से कौन परिचित नहीं! जो अपनी गृहस्थावस्था में वेद, पुराण, उपनिषद आदि शास्त्रों के प्रकांड विद्वान थे। जिन्होंने परमात्मा महावीर के पास वैशाख शुक्ला एकादशी के पावन दिन अपनी दीर्घकाल संचित शंका का समाधान प्राप्तकर शिष्यत्व-श्रमणत्व के साथ गणधर पद शोभायमान किया।

गणधरत्व प्राप्त होते ही किं तत्तं पूछकर अपनी जिज्ञासाओं के समाधानों को स्व-पर के उपकार के लिए प्रकट किया। जिन्हें समुपस्थित पर्षदाओं ने श्रवणकर कर्ण-कुहरों के साथ आत्म-पावन करते हुए अनेक जीवात्माओं ने व्रतादि अंगीकार किये।

जिज्ञासा करना भी विशिष्ट गुण है। जिज्ञासा से तत्त्व की महत्वपूर्ण बातों के पूर्ण ज्ञान के साथ अपरिचित नूतन चर्चा भी हृदयगोचर होती है। जिज्ञासा को विनयपूर्वक अभिव्यक्त कर समाधान प्राप्त करने में गुरु गौतमस्वामी का नाम मुखर रूप से लिया जाता है।

उपदेशमाला ग्रंथ की छठी गाथा में विनीत शिष्य की पहचान बतलाते हुए गौतमस्वामीजी का उदाहरण भी इसी तथ्य को प्रकट करता है-

भद्दो विणीयविणओ पढमगणहरो समत्तसुयनाणी।
जाणंतो वि तमत्थं विम्हियहियओ सुणइ सव्वं ।।६।।

भद्र अर्थात् कल्याण और सुखवाले, कर्म जिससे दूर हो वह विनय, विशेष प्रकार से प्राप्त है विनय जिनको, ऐसे वर्धमानस्वामी के प्रथम शिष्य श्रुतकेवली गौतमस्वामी सब जानते हुए भी अन्य समग्र लोगों को प्रतिबोध करने के लिए प्रश्न पूछते थे और भगवंत जब प्रत्युत्तर प्रदान करते तब विस्मयपूर्वक रोमांचित, प्रफुल्लित नेत्र व मुख की प्रसन्नतापूर्वक प्रत्युत्तर को श्रवण करते थे। उसी तरह विनीत शिष्य को बाह्य-अभ्यंतर भक्ति से गुरु के कहे हुए अर्थों को श्रवण करना चाहिए।

ऐसा कहा जाता है कि गौतमस्वामी के मन में जब भी कोई जिज्ञासा उत्पन्न होती, तब वे अनुभव ज्ञान अथवा विशिष्ट ज्ञान के स्थान पर नम्रातिनम्र बनकर वीरप्रभु से समाधान प्राप्त करते।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आगमों में स्थान-स्थान पर “**भंते!**” और “**गोयम!**” पद इसी का द्योतक है। और यही पद्धति कठिन विषयों को समझने के लिए अतिप्रसिद्ध हुई।

